# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3199
दिनांक : 29.12.2020

### विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित **परास्नातक स्तर (एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि, एल0एल0एम0)** एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की **बी0एस–सी0 (कृषि)** तथा **बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान)** तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित **एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय)** तथा **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठयक्रमों (एम0फिल0 सहित)** (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त) के ऐसे विद्यार्थी जो अपने अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं **वे अगर किसी भी सम सेमेस्टर (केवल द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम अथवा अष्टम) की बैक पेपर परीक्षा या पूर्ण परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के कारण** उपाधि पूर्ण करने से वंचित है और कालबाधित (Time Barred) नहीं है तो ऐसे विद्यार्थी अपने सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा या भूतपूर्व परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु स्पेशल सम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2020) के केवल एक सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा अथवा भूतपूर्व परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमो के समस्त छात्र/छात्राओं की स्पेशल सम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2020) के परीक्षा फार्म माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा निम्नांकित तिथि के अनुसार ऑन लाईन भरवाये जाने हैं :–

**ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार है –**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | 30.12.2020 |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 04.01.2021 |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | 05.01.2021 |
| 04. | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | 06.01.2021 |

नोट :–1. **सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत ऐसे छात्र, जो अपने पाठ्यक्रम की अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं और कालबाधित (Time Barred) नहीं है तथा एक सम सेमेस्टर के किन्हीं एक, दो या सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षा में उत्तीर्ण न होने के कारण अथवा अनुपस्थित होने के कारण उपाधि पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं ही, स्पेशल सम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2020) बैक परीक्षा/अथवा भूतपूर्व परीक्षा के परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह है अर्थात् एक विद्यार्थी द्वारा बैक पेपर अथवा भूतपूर्व परीक्षा हेतु केवल एक ही परीक्षा फार्म भरा जा सकता है। अनर्ह विद्यार्थियों द्वारा भरा गया फार्म परीक्षा के किसी भी स्तर पर जाँच होने पर निरस्त किया जा सकता है।**

29.12

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जायें कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव/उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी/पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।

क्रमश......2

13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही स्पेशल सम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2020) हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के <u>**सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**</u>, छात्र हित में, निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

24.12

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)